संवाद में कारोबारी, उद्यमी व छात्रों ने लिया हिस्सा

संवाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

गुडगांव, 9 सितम्बर (ब्यूरो): एमडीआई गुड़गांव में 31 अगस्त से एक सितंबर-2024 को एमडीआई ऑडिटोरियम में अपने वार्षिक विचार उत्सव संवाद-2024 का आयोजन किया। दो दिवसीय इस भव्य आयोजन का आयोजन प्रतिष्ठित पीजीडीएम बिजनेस मैनेजमेंट (बीएम) कार्यक्रम के छात्रों द्वारा किया गया।

जो एमडीआई का सबसे पुराना व वाला पूर्णकालिक आवासीय कार्यकारी कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के नेताओं, शिक्षाविदों व छात्रों को आज के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचारों के समृद्ध आदान-प्रदान किया। जिसमें एआई, सस्टेनेबिलिटी व बिज़नेस इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित किया गया। 'संवाद २०२४' के उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलन किया गया। जो कार्यक्रम की शुरुआत का प्रतीक है। इस सत्र में मुख्य अतिथि, ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के नीति प्रमुख व दिल्ली शहरी कला आयोग के अध्यक्ष अजीत पई, विशिष्ट अतिथि, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया व दक्षिण एशिया के लिए एज्योर क्लाउड बिजनेस के प्रमुख बिक्रमजीत देबनाथ व एमडीआई गुड़गांव के सम्मानित संकाय सदस्यों की उपस्थिति ने शोभा बढ़ाई।

एमडीआई गुड़गांव में इंडस्ट्री कनेक्ट की डीन प्रो. सुमिता राय ने उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पीजीडीएम बीएम के छात्रों को बधाई दी और निगमों के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी और स्थिरता के दोहरे महत्व पर जोर दिया।

प्रो. राय ने कहा व्यवसायों को विकसित वैश्विक परिदृश्य में फलने-फूलने के लिए स्थिरता को एक मुख्य मूल्य के रूप में अपनाते हुए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण जलवायु परिवर्तन व संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक है। मुख्य भाषण में अजीत पई ने स्वतंत्रता के बाद से भारत के आर्थिक विकास का एक व्यापक अवलोकन प्रदान किया। जिसमें देश के विकास को गति देने में जोखिम उठाने की क्षमता और उद्यमों के पैमाने के महत्व को रेखांकित किया।